Sixteenth Loksabha

>

Title: Need to improve railway services and passenger facilities in Korba Parliamentary Constituency, Chhattisgarh - Laid.

डॉ. बंशीलाल महतो (कोरबा): मेरे संसदीय क्षेत्र कोरबा (छत्तीसगढ़) में रेल सुविधाओं का नितांत अभाव है। चांपा-गेवरा के बीच रेलवे स्टेशनों में दोनों तरफ प्लेटफार्म होने के बावजूद फुट ओवर ब्रिज नहीं है, जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। यात्री सुविधा के नाम पर पीने का पानी एवं शेड तक नहीं है, जिससे सभी ऋतुओं में यात्रियों को भारी परेशानी होती है। ट्रेन संख्या 18237/18238 छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस कोरबा से बिलासपुर तक पैसेंजर के रूप में चलती है तथा अमृतसर से वापसी के समय इसे बिलासपुर में ही रोक दिया जाता है। इस ट्रेन को कोरबा से ही एक्सप्रेस के रूप में चलाया जाये। इसी प्रकार ट्रेन संख्या 18239 शिवनाथ एक्सप्रेस को नागपुर से वापसी के समय बिलासपुर में रोक दिया जाता है। इसे भी कोरबा तक चलाया जाये।